संख्या 24/254/2014–पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

.....

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 7/7/ 2014

सेवा में,

श्री विनीत,
मकान संख्या 44, राधास्वामी किराना स्टोर्स के पीछे,
नवजीवन हाउसिंग सोसायटी, पंचपेडी नाका के पास,
रायपुर, छत्तीसगढ–492001।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना।

......

आपके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के आवेदन दिनांक शुन्य, जो अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 18/06/2014 को प्राप्त हुई है, के संबंध मे यह अवगत कराया जाता है कि स्थापित प्रकियानुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी, पी.एस.यू. मे भी कार्यरत, डॉक्टर एवं वैज्ञानिकों को छोडकर पदम पुरस्कार के लिए योग्य नहीं होते है। मॉगी गई सूचना अधिनियम के अंतर्गत वर्णित सूचना की परिभाषानुसार सूचना की श्रेणी में नहीं आती है।

2. इस मामले मे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत अपील, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी श्री सतपाल चौहान, संयुक्त सचिव (प्रशासन), गृह मंत्रालय, कमरा संख्या 194, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को 30 दिनों के समय में की जा सकती है।

श्यामला मोहन

(श्यामला मोहन)
निदेशक एवं केन्द्रिय जन सूचना अधिकारी

Copy to:
Section Officer (IT) for uploading on the website of this Ministry.

पं॰ 3/ ST / [illegible] /2014
17/6/14

R.T.I

जनसूचना अधिकारी
केन्द्रीय गृह मंत्रालय, (MHA)
(मेडल अवार्ड डिवीजन)
भारत शासन, नॉर्थ ब्लॉक
नई दिल्ली।

12 JUN 2014

विषय :— शासकीय अधिकारियों को पदम पुरस्कार दिये जाने के संबंध में।

--00--

महोदय,

सम्पूर्ण भारतवर्ष में शासकीय अधिकारियों (Government Servants) को भी पहले पद्मश्री जैसे अवार्ड दिये जाते थे, लेकिन वर्ष 2011–2012 से शासकीय अधिकारियों को पदम अवार्ड देना बंद कर दिया गया है, जिसका उल्लेख गृह मंत्रालय, भारत शासन के वेबसाईट के पदम अवार्ड के नियमों में है।

फिर भी यदि छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा किसी शासकीय अधिकारी का नाम पदम पुरस्कार हेतु मेडल अवार्ड डिवीजन, नई दिल्ली की ओर प्रेषित किया जाता है, तो क्या ऐसे शासकीय अधिकारी को पदम पुरस्कार दिया जा सकता है ?

कृपया इस संबंध में जानकारी दें। इस हेतु आवश्यक शुल्क रूपये 10/— पोस्टल आर्डर क्रमांक 22F 843560 दिनांक 06/06/14 के माध्यम से संलग्न कर प्रेषित कर रहा हूँ।

भवदीय

[signature]

(विनीत)
मकान नंबर--44
राधास्वामी किराना स्टोर्स के पीछे
नव जीवन हाउसिंग सोसायटी,
पंचपेड़ी नाका के पास,
रायपुर (छत्तीसगढ)
पिन कोड— 492001

(AR(I))
for Public